हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 11 अक्टूबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड


तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री


14 शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ गड़बेड़ा ...





14 विश्व में भारत महान, क्योंकि यहां सभी का सम्मान ...




# 2 औद्योगिक केंद्रों में पाई अनियमितता, संयुक्त टीम ने थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला स्तरीय संयुक्त टीम ने जिले के दो औद्योगिक ईकाइयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स राधेश्याम आईल इंडस्ट्रीज सरायपाली में विधिक माप विज्ञान विभाग की जांच में धर्मकांटा नियमानुसार सत्यापित पाया गया, इसकी जांच के लिए पर्याप्त संख्या में बाट रखने हेतु निर्देशित किया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा जांच में कोई भी कमियां नहीं पाई गई। श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, वेतन भुगतान अधिनियम 1936, संविदा श्रमिक अधिनियम 1970 के अन्तर्गत जांच/निरीक्षण किया गया। प्रबंधन द्वारा प्रमुख नियोजक का लाइसेंस एवं ठेकेदार द्वारा भी लाइसेंस नही लिया जाना पाया गया व सूचनाएं प्रदर्शित किया जाना नहीं पाया गया तथा ओवर टाईम का रिकॉर्ड रखा जाना नहीं पाया गया। इस संबंध में प्रबंधन एवं ठेकेदार को नोटिस जारी किया जा रहा है। इसी प्रकार विकासखंड सरायपाली अंतर्गत क्लीनमैक्स इनवायरो एनर्जी सॉल्यूशन लिमिटेड केना का निरीक्षण किया गया है। जिसमें जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा विधिक माप विज्ञान विभाग की जांच में कोई भी कमियां नहीं पाया गया। श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, वेतन भुगतान अधिनियम 1936, संविदा श्रमिक अधिनियम 1970 के अंतर्गत जांच / निरीक्षण किया गया। जिसमें 01 ठेकेदार द्वारा लाइसेंस नहीं लिया जाना पाया गया व सूचनाएं प्रदर्शित नहीं पाया गया तथा अन्य रिकार्ड प्रस्तुत नहीं किया गया।

## जिला स्तरीय संयुक्त टीम ने जिले के दो औद्योगिक ईकाइयों का किया निरीक्षण

### टीम में शामिल

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह द्वारा गठित टीम में निरीक्षण के दौरान प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र शशिकांत सिंह, श्रम पदाधिकारी श्रम विभाग, डीएन पात्र, निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान विभाग सिद्धार्थ दुबे उपस्थित रहे।



### त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर सख्ती, 18 नमूने परीक्षण के लिए संकलित

महासमुंद। दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शंखनाद भोई द्वारा पिछले 15 दिनों में मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों जैसे दही, देशी घी, खोवा, बेसन, पेड़ा, बूंदी लड्डू आदि के 07 विधिक नमूने तथा लायची दाना, मूंगफली दाना, शक्कर, साबूदाना, घी, मैदा, पॉमोलीन तेल, बूंदी लड्डू, खोवा, कलाकंद एवं नारियल बर्फी के 11 सर्विलेंस नमूने संकलित किए गए हैं। ये सभी नमूने परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर भेजे गए हैं।

## खबर संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** बागबाहरा में बिना नंबर की सोल्ड पिकअप की टक्कर से एक बाइक चालक घायल हो गया। बागबाहरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बागबाहरा निवासी व नगर पालिका में कंप्यूटर ऑपरेटर ईश्वर महानंद अपनी ड्यूटी के लिए 8 अक्टूबर की सुबह 10.45 बजे अपनी बाइक सीजी 06 एचए 7162 से जा रहा था। करीब 11.15 बजे स्टेट बैंक के पास पहुंचने पर, बिना नंबर की सफेद रंग की सोल्ड मैक्स महिंद्रा पिकअप के चालक ने अपने वाहन को काफी तेज व लापरवाही पूर्वक पीछे से चलाते उसके मोटर सायकल में साईड से एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसे चोटें आई। जिसे लोगो ने मुझे उठाकर सीएचसी बागबाहरा पहुंचाया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया है।

### बैठक के दौरान मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** पंचायत भवन में बैठक के दौरान मारपीट हो गई। गजेंद्र कुमार ध्रुव ने पटेवा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जिस पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार गजेंद्र कुमार ध्रुव (30) ने पुलिस को बताया कि नवरात्रि के पूर्व समिति के सदस्यों के साथ दुर्गा चंदा मांगने के लिए ग्राम झलप के सुरेश शर्मा के पास गये थे, जहां दुर्गा चंदा मांगने पर सुरेश शर्मा ने पूछा कि तुम्हारा अध्यक्ष कौन है, तब उन्होंने बताया कि दुर्गा समिति का अध्यक्ष बलविन्दर सिंह सलूजा हैं। तब उन्होंने आपत्तिजनक बातें कही। इसी बात को लेकर 06 अक्टूबर की दोपहर करीब 3 बजे ग्राम पंचायत भवन झलप में दुर्गा समिति की बैठक रखी गई थी। जिसमें गजेंद्र ध्रुव (प्रार्थी) व दुर्गा समिति के सदस्य कमलेश पटेल, सागर साहू, महेश देवांगन, बलविन्दर सिंह तथा सुरेश शर्मा व अन्य उपस्थित थे। बैठक में उन्होंने सुरेश शर्मा से कहा कि झलप में भाईचारा से सभी कार्य किए जाते हैं।

## आक्रोश : पुलिस और शिक्षा विभाग के रवैये से आक्रोश, किया प्रदर्शन

# आरोपी गिरफ्तार नहीं होने से समाजजन आक्रोशित, देर रात तक डटे रहे थाना के सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- एफआईआर दर्ज, फिर भी कार्रवाई नहीं होने से नाराज

शिक्षिका के साथ प्रधानपाठक द्वारा किए गए कथित दुर्व्यवहार के मामले में पुलिस ने संबंधित आरोपी के खिलाफ एफआईआर तो दर्ज कर ली लेकिन, एफआईआर दर्ज होने के तकरीबन 25 दिन बाद भी आरोपी को गिरफ्तार नही किया गया। इस मामले को लेकर शुक्रवार को सतनामी समाज ने अजाक थाना का घेराव किया और इस मांग पर डटे रहे कि जब तक पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नही कर लेती वे थाना के सामने से नही हटेंगे। समाचार लिखे जाने तक सतनामी समाजजन अजाक थाना के सामने बैठे रहे।

समाजजनों का आरोप है कि पुलिस द्वारा आरोपी को संरक्षण दिया जा रहा है। जबकि पुलिस के आलाधिकारियों की मानें तो मामले में अभी तक कुछ और गवाहों के बयान नही हो पाए हैं। प्राथमिक तौर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है लेकिन, जांच पूरी होने के बाद ही गिरफ्तारी होगी।

पुलिस द्वारा आरोपी को संरक्षण दिए जाने की बात से इंकार किया गया है। बता दें कि सतनामी समाज के सैंकड़ो लोगों ने शुक्रवार दोपहर प्रदर्शन शुरू किया। इससे पहले सभी समाजजन पटवारी कार्यालय के समक्ष उपस्थित हुए।

घेराव के दौरान उन्होनें कहा कि उनकी मांग स्पष्ट है कि एट्रोसिटी एक्ट के तहत नामजद आरोपी शिक्षक की तत्काल गिरफ्तारी हो। उल्लेखनीय है कि पूरा मामला शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नरतोरा से जुड़ा है।







### यह है मामला

सतनामी समाज की मांग है कि पुलिस प्रशासन तत्काल एफआईआर में दर्ज आरोपी को गिरफ्तार करे, और शिक्षा विभाग ऐसे कर्मचारी पर तत्काल निलंबन एवं विभागीय कार्रवाई करे जो एक गंभीर मामले में लिप्त होने के साथ-साथ बिना सूचना के कर्तव्य से अनुपस्थित है। समाज के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। तहसीलदार, डीएसपी और टीआई सहित कई अधिकारी समाज के प्रतिनिधि मंडल को समझाइश देने में लगे रहे। जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) विजय कुमार लहरे पहुंचे और उन्होंने सतनामी समाज को आश्वासन दिया कि दो दिन के अंदर कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार जुगल किशोर पटेल का कहना है कि प्रभारी प्राचार्य को नोटिस दिया गया है और तीन दिन का समय जवाब देने के लिए दिया गया है। यदि जवाब संतोषजनक नहीं रहा तो मामले को उच्च अधिकारियों को कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा। लेकिन, समाज के लोगों ने यह आश्वासन मंजूर नहीं किया और कहा कि जब तक ठोस कार्रवाई नहीं होती, वे पीछे नहीं हटेंगे।

### पुलिस प्रशासन और शिक्षा विभाग पर संरक्षण देने का आरोप

सतनामी समाज का स्पष्ट आरोप है कि पटेवा थाना जानबूझकर आरोपी की गिरफ्तारी नहीं कर रहा है और उसे खुला संरक्षण दे रहा है। वहीं समाजजनों का आरोप है कि शिक्षा विभाग भी इस मामले में पूरी तरह संलिप्त है। आरोपी शिक्षक द्वारिका प्रसाद चंद्राकर बिना किसी सूचना के स्कूल से लगातार गायब हैं। इस बात की जानकारी होने के बावजूद शिक्षा विभाग द्वारा उनके खिलाफ न तो कोई विभागीय कार्रवाई की जा रही है और न ही उन्हें निलंबित किया गया है।

## ऐतिहासिक नगर कीर्तन यात्रा पहुंची जिला मुख्यालय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी पर्व को समर्पित जागृति यात्रा शुक्रवार को जिला मुख्यालय पहुंची। यह ऐतिहासिक यात्रा सुबह करीब 11:30 बजे राजिम मोड़ पहुंची। जहां सिख समुदाय और स्थानीय निवासियों ने गर्मजोशी से यात्रा का स्वागत किया।

इस अवसर पर राजिम मोड़ से गुरु रामदास जी द्वार तक एक भव्य बाइक रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं और श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया, जिससे पूरा वातावरण उत्साह और भक्ति से ओतप्रोत हो गया। रैली के बाद, शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए गुरुद्वारा साहिब तक नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन में पंच प्यारों की अगुवाई में पालकी साहिब को सजाकर निकाला गया। इस दौरान रागी जत्थे ने गुरुबाणी का कीर्तन किया। यह यात्रा धर्म और बलिदान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। श्रद्धालुओं ने नगर कीर्तन में शामिल होकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

## घर की सफाई को लेकर विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सलिहाभांठा में घर की सफाई को लेकर उठे विवाद और मारपीट के मामले में पटेवा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी धनेश्वर दीवानने बताया कि 7 अक्टूबर की दोपहर 1.30 बजे उसने अपने घर में तीसरे नंबर के बड़े भाई मूलचंद दीवान से कहा कि दीवाली त्यौहार आने वाला है, घर की साफ सफाई करना है। इस पर उसके भाई मूलचंद दीवान ने तू कौन होता है, घर की साफ सफाई करने के लिये बोलने वाला कहते हुए गाली गलौज कर लोहे की वस्तु से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान भाभी सेतबाई दीवान ने भी मारपीट की। वहीं बीच बचाव करने आये दूसरे नंबर के बड़े भाई प्रकाश दीवान के साथ भी मूलचंद दीवान एवं भाभी सेतबाई दीवान ने मारपीट की। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव का आकस्मिक निरीक्षण

**महासमुंद।** बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव का बुधवार को जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा रेखराज शर्मा एवं एपीसी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 103 विद्यार्थी पंजीकृत पाए गए एवं 4 शिक्षकों में से 02 शिक्षक अनुपस्थित रहे।

इस दौरान प्रार्थना सभा में शिक्षिका नीलम साहू तथा पालक प्रतिनिधि लोकेश्वरी ध्रुव उपस्थित रहीं। सहायक शिक्षक तिलक पटेल प्रातः 10:15 बजे विद्यालय पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि प्रधान पाठक दिव्या देवांगन 10:20 बजे तक विद्यालय में उपस्थित नहीं हुईं थी। उन्होंने सभी शिक्षकों को समय पर विद्यालय पहुंचने के लिए निर्देशित किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा द्वारा प्रधानपाठक दिव्या देवांगन एवं सहायक शिक्षक तिलक पटेल को विद्यालय में समय पर उपस्थित न रहने एवं शैक्षणिक कार्यों में लापरवाही के लिए कारण बताओ नोटिस जारी कर 02 दिवस भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में विद्यार्थी विकास सूचकांक प्रदर्शित पाया गया तथा दैनंदिनी एवं समय-सारणी के अनुसार नियमित अध्यापन कार्य संचालित हो रहा है। शाला में सामाजिक अंकेक्षण 7 अक्टूबर को किया गया है। इस दौरान विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मासिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अभी तक नहीं किया गया है, जिस पर तत्काल जांच कर परीक्षा परिणाम घोषित करने के निर्देश दिए।



## जिलाध्यक्ष पद को लेकर रायशुमारी के लिए बागबाहरा पहुंची पर्यवेक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्ष चयन के लिए राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक रीटा चौधरी विधायक मंडावा राजस्थान शुक्रवार को बागबाहरा पहुंची। जहां खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने आत्मीय स्वागत किया। शुक्रवार को पर्यवेक्षक रीटा चौधरी का बागबाहरा आगमन हुआ। जहां खल्लारी विधायक यादव के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। बागबाहरा पहुंचे पर्यवेक्षक ने बताया कि कार्यकर्ताओं से वन-टू-वन चर्चा कर उनकी राय ली गई है। इन चर्चाओं का विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सीधे दिल्ली में राष्ट्रीय नेतृत्व को भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के निर्देश पर संगठन को मजबूत करने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। सभी जिलों में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है और सभी जिलों से रिपोर्ट पार्टी नेतृत्व को सौंपी जाएगी।इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष अमरजीत चावला, जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेंद्र चंद्राकर, भूपेंद्र ठाकुर शहर अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा, रवि निषाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ग्रामीण, नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल, ताम्रध्वज बघेल, देवेश साहू, फिरोज मेमन, गणेश शर्मा, शमीम खान, शहजान पाशा, लोकेश दीवान, खोमेश साहू, दुर्गा सागर, मंता यादव, शिवा जगत, शैलेश साहू, पोखराज साहू, रमेश ठाकुर, लखबीर छाबड़ा, नवनीत सलूजा, बीआर मांझी, विष्णु महानंद, राजेश सोनी, पुष्पेंद्र चंद्राकर, मोनू शर्मा, गिरीश पटेल, अशोक पलिया, लोकेश उइके, किशोर राजपूत, सन्नी दुआ, अनमोल छाबड़ा, हरीश चंद्राकर, योगेश बघेल, बसंती बघेल, बलबीर सिंग बग्गा, राहुल यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।





### अंकित ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद के लिए की दावेदारी

**महासमुंद।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष की चयन प्रक्रिया के लिए बागबाहरा पहुंचे पर्यवेक्षक रीटा चौधरी को अंकित बागबाहरा ने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद के लिए आवेदन सौंपा।

## पारंपरिक उत्साह, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया करवा चौथ का पर्व

# पति की दीर्घायु की कामना के लिए रखा करवा चौथ का व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु की कामना का पर्व करवा चौथ जिले में शुक्रवार को पारंपरिक उत्साह, आस्था और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस दिन सुहागिनों ने निर्जला व्रत रखकर अपने सुहाग की सलामती और लंबी उम्र के लिए भगवान गणेश, माता गौरी और चंद्रमा की पूजा की। ज़िले के ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में यह त्योहार प्रेम, विश्वास और पारंपरिक रीति-रिवाजों की छटा बिखेरता नजर आया। करवा चौथ को लेकर नगर के बाजार में कई दिन पहले से ही विशेष चहल-पहल शुरू हो गई थी। शहर के मुख्य बाजार और नेहरू चौक के आस-पास चूड़ी, मेहंदी, पूजन सामग्री, मिट्टी के करवे और सौंदर्य प्रसाधनों की दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। इस साल पर्व के उत्साह को देखते हुए व्यापारियों ने भी खास तैयारियां की थीं। विभिन्न प्रकार की पारंपरिक और आधुनिक वेशभूषा, आभूषणों और डिजाइनर करवा की बिक्री ज़ोरों पर रही।

ब्यूटी पार्लर और मेहंदी लगाने वालों के पास समय लेना भी मुश्किल हो गया था, जो पर्व के प्रति महिलाओं के उत्साह को दर्शाता है। नगर में करवा चौथ का पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान मात्र नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के बीच एकजुटता और सामाजिक समरसता का भी पर्व है। कई जगहों पर मोहल्लों की महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर इस त्योहार को और भी खास बना दिया। कुल मिलाकर,नगर में करवा चौथ का यह पर्व भारतीय संस्कृति की सुंदरता और पति-पत्नी के पवित्र रिश्ते की गहराई को दर्शाते हुए धार्मिक आस्था और पारंपरिक उल्लास के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



### दिन भर चला व्रत, शाम को हुई पूजा

करवा चौथ का व्रत इस साल शुभ मुहूर्त में संपन्न हुआ। व्रती महिलाओं ने भोर की सरगी खाने के बाद पूरे दिन निर्जला उपवास रखा। पूरे दिन महिलाओं ने घर और मंदिरों में पूजा की तैयारियां कीं, जिसमें कथा वाचन और मंगल गीत गाना प्रमुख रहा। पूजा के शुभ मुहूर्त, शाम 5:57 बजे से शाम 7:07 बजे तक, में महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा की थाली सजाई। उन्होंने मिट्टी के करवे में जल भरकर माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा की, साथ ही गणेश जी से व्रत को निर्विघ्न संपन्न कराने की प्रार्थना की।

### चंद्रोदय के बाद छलनी से देखा पति का मुख

करवा चौथ की सबसे प्रतीक्षित घड़ी चंद्रोदय की रही, जिसका व्रती महिलाओं ने बेसब्री से इंतजार किया। नगर में चंद्रमा के दर्शन का समय रात 8 बजे के आस-पास रहा, हालांकि मौसम की स्थिति के अनुसार इसमें थोड़ा अंतर आया। चांद निकलने के साथ ही महिलाओं की खुशी का ठिकाना न रहा। उन्होंने अपने-अपने घरों की छत या बालकनी पर जाकर चंद्रमा को छलनी में दीप रखकर देखा। इसके बाद उन्होंने इसी छलनी से अपने पति का मुख देखकर उनका आशीर्वाद लिया और पति के हाथों से जल पीकर अपना व्रत तोड़ा।

## अरंड में महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत



**अरड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में करवा चौथ पर्व पर विवाहित महिलाएं अपने पति के स्वस्थ एवम अपने सौभाग्य के लिए उपवास रखा। शिक्षिका गौरी पटेल ने बताया कि हम सब महिलाएं पति के दीर्घायु के लिए कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष के चतुर्थी को निराहार रहकर चंद्रमा के उदय की प्रतीक्षा करती है। और चंद्रमा को अर्ध्य देकर भोजन करती है। करवा पूजा में प्रमुख रूप से गौरी पटेल, भूमिसुता, कामिनी निर्मलकर, लता ध्रुव, ममता पटेल, दिव्या, सरस्वती, तोषण, आरती, नीरा पटेल, नीतू, टीकेश्वरी, मिथिला तारिणी, जीरा, आराध्या आदि उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप



### स्वीप जागरुकता अभियान कार्यक्रम के तहत हुई निबंध स्पर्धा

**महासमुंद।** स्वीप जागरुकता अभियान कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार एवं रासेयो जिला संगठक डॉ मालती तिवारी के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। जिसके अंतर्गत शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एसबी कुमार ने युवाओं को निर्वाचन संबंधी जागरूक होने के लिए प्रेरित किया और छात्राओं को अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित करने को कहा। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं महाविद्यालय नोडल डॉ सरस्वती वर्मा के दिशा निर्देशन में एवं कैंपस एंबेसडर लक्ष्मी चंद्राकर बीएससी तृतीय वर्ष के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। जिसमें नुक्कड़ नाटक एवं स्वरचित नारा लेखन भी किया जाना है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक देवयानी सोनवानी, अंकिता प्रधान, सीमा यादव, मीणा जगत, नीलम लहरे, मानसी चंद्राकर, डाली साहू आदि मौजूद रहे।

### पीजी महाविद्यालय में सतत आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा प्रारंभ

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत 10 अक्टूबर से विज्ञान एवं कंप्यूटर संकाय में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाएं प्रारंभ हुई। 11अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से कला संकाय की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा प्रारंभ होगी, जिसमें महाविद्यालय के बीए प्रथम सेमेस्टर के नियमित एवं अमहाविद्यालयीन, बीए तृतीय सेमेस्टर के नियमित एवं अमहाविद्यालयीन एवं बीए अंतिम वर्ष के नियमित विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत बी कॉम प्रथम सेमेस्टर नियमित एवं अमहाविद्यालयीन की परीक्षा 16 अक्टूबर को होगी। इस परीक्षा के अंक मुख्य परीक्षा परिणाम में जोड़े जाएंगे। अतः समस्त परीक्षार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है। उपरोक्त जानकारी महाविद्यालय के एनईपी संयोजक डॉ. ईपी चेलक ने दी। महाविद्यालय प्राचार्य करूणा दुबे ने समस्त विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

### चिकित्सा महाविद्यालय में मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्व चिकित्सालय महासमुंद में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस वर्ष का थीम सेवाओं तक पहुंच-आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य। डा. रेणुका गाहिने अधिष्ठाता चिकित्सा महाविद्यालय, आई नागेश्वर राव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व अस्पताल अधीक्षक डा. बसंत माहेश्वरी, डीपीएम नीलू घृतलहरे के आदेशानुसार एवं एनएमएचपी नोड्ल अधिकारी डा. छत्रपाल चंद्राकर, डा. घनश्याम साहू सहायक अस्पताल अधीक्षक तथा डॉ. अवंतिका ठाकुर, डॉ. आशीष बघेल के समन्वय से शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस प्रथम वर्ष 110 छात्रों एवं स्टाफ को प्रशिक्षित किया गया। शासकीय चिकित्सा सबंद्व जिला चिकित्सालय स्पर्श क्लीनिक कक्ष क्रमांक-64 ओपीडी में 85 मरीजों को निःशुल्क दवाई के साथ एवं मनो-सामाजिक परामर्श दिया गया। साथ ही मानसिक रोग से ग्रस्त लोगों की इस रोग को पहचानने व स्वीकार करने में मदद करें, उन्हें खुशियों भरी जिंदगी देने के लिए अपना हाथ उनकी ओर बढ़ाने का संदेश दिया। साथ ही मानसिक तनाव को दूर करने के लिए तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मानसिक रोग के लक्षण जैसे सोचने समझने में कठिनाई के बारे में बताया।

## तनाव से निपटने योग, ध्यान और संवाद का सहारा लेने पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय आदर्श अंग्रेजी

- अंग्रेजी महाविद्यालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर हुआ कार्यक्रम

माध्यम महाविद्यालय में संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक 01 में मां सरस्वती की पूजन अर्चन से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर सर्वेश दुबे शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक उपस्थित थे। अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्राचार्य अग्रवाल ने की। विशेष अतिथि डॉ. बबीता भगत योग चिकित्सक आयुष पॉलिकलिनिक एवं डॉ. किरण योग चिकित्सक रहीं।

कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर हिंदी रहीं। स्वागत उद्बोधन की कड़ी में प्राचार्य डॉ. अग्रवाल ने कहा कि महाविद्यालय न केवल शैक्षणिक विकास का केंद्र है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व निर्माण का भी स्थान है। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर चर्चा करना आज के समय की आवश्यकता है और ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में संवेदनशीलता एवं जागरुकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं। मुख्य अतिथि डॉ. दुबे ने मानसिक स्वास्थ्य




शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। जीवन में संतुलन बनाए रखना, सकारात्मक सोच रखना और समय-समय पर अपनी भावनाओं को साझा करना मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे तनाव से निपटने के लिए योग, ध्यान और संवाद का सहारा लें तथा मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में जागरूकता फैलाएं। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाएं दूर कीं, जिनका समाधान डॉ. दुबे ने सरल भाषा में किया। साथ ही डॉ. दुबे ने छात्रों को इस बात का भी भरोसा दिलाया कि अगर छात्रों को कभी भी मानसिक रूप से कोई परेशानी होती है तो वे बिना किसी देरी के व्यक्तिगत रूप से निःसंकोच उनसे संपर्क कर सकते हैं। पश्चात डॉ. बबीता भगत ने योग के महत्व को बताते हुए कुछ सामान्य योग क्रियाएं कर सबको बतलाया और करवाया, जिसे तनाव के समय कर मानसिक दबाव से छुटकारा पाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन रवि देवांगन सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र ने किया। महाविद्यालय के संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. अग्रवाल, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर एवं तरुण कुमार बांधे सहायक प्रा. अर्थशास्त्र द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर ने किया।

इस दौरान महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय विभागाध्यक्ष तरुण कुमार बांधे एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. ग्लैडिस एस. मैथ्यू समाजशास्त्र, आलोक हिरवानी (कंप्यूटर साइंस), चित्रेश बरेठ रसायन शास्त्र, हरिशंकर नाथ राजनीति विज्ञान, माधुरी दीवान वाणिज्य, खुशबू सिन्हा ग्रंथपाल, शेषनारायण साहू लैब टेक्नीशियन, जगतारण बघेल लैब टेक्नीशियन, नानक साहू कंप्यूटर ऑपरेटर एवं समस्त छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### चर्चा : विकासखंड बागबाहरा में हुई सभी प्राचार्य समीक्षा बैठक

## कमजोर छात्रों की पहचान कर विशेष अध्यापन कराने पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विखं शिक्षा अधिकारी कार्यालय बागबाहरा में विखं के समस्त उच्चतर माध्यमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा ने की। यह बैठक कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों में सुधार लाने, विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा और विद्यालय स्तर पर शैक्षणिक गुणवत्ता उन्नयन के लिए रणनीतियां तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

बैठक में शिक्षा निदेशक द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग में दिए गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए विद्यालयवार परीक्षा परिणामों का विश्लेषण किया गया। कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उनके लिए विशेष अध्ययन कक्षाओं और विषयवार तैयारियों की व्यवस्था पर गहन विचार-विमर्श हुआ। सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया गया कि वे विद्यालय स्तर पर ठोस कार्ययोजना बनाकर



उसे तुरंत लागू करें और विद्यार्थियों की उपस्थिति, नियमित अध्ययन और शैक्षणिक गुणवत्ता में सतत सुधार सुनिश्चित करें। बैठक के मध्य में एबीईओ रामता डे ने सभी प्राचार्यों को विस्तृत मार्गदर्शन और निर्देश प्रदान किए। उन्होंने विभागीय योजनाओं की समयबद्ध प्रगति, विद्यालयों में चल रहे जाति प्रमाण पत्र निर्माण कार्य, त्रैमासिक परीक्षा मूल्यांकन, एक पेड़ मां के नाम अभियान, विद्यार्थियों की आधार आईडी लिंकिंग, छात्रवृत्ति आवेदन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक और सरस्वती साइकिल वितरण जैसी गतिविधियों की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि सभी विद्यार्थी समय पर आवश्यक सुविधाएं और शैक्षणिक संसाधन प्राप्त करें। साथ ही, विद्यालयों में अतिआवश्यक मरम्मत कार्यों की प्रगति, स्वच्छ हरित विद्यालय रेटिंग, यूडीआईएसई डाटा अद्यतन और सांसद युवा खेल महोत्सव में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता पर भी गहन विचार-विमर्श हुआ। विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा ने प्राचार्यों को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि वे प्रत्येक विद्यालय में विद्यार्थियों की शैक्षणिक उन्नति सुनिश्चित करने के लिए ठोस योजनाएं तैयार करें और उनका तत्काल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्येक विद्यालय यह सुनिश्चित करे कि सभी विद्यार्थी समय पर आवश्यक शैक्षणिक संसाधन और सुविधाएं प्राप्त करें। बैठक में वरिष्ठ प्राचार्य डोमन टंडन, खेदूराम चंद्राकर, कुश साहू, पवन चक्रधारी, पुरुषोत्तम चंद्राकर, मदन पटेल, शत्रुघन मंजारे, कार्तिक ठाकुर, फ्रांसिस टोप्पो, महेंद्र बंजारे, दुर्गेश चंद्राकर सहित अन्य संस्था प्रमुख एवं संकुल समन्वयक उपस्थित रहे। बैठक में सभी प्राचार्यों को विभागीय योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन और विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सतत सुधार हेतु उत्तरदायित्वपूर्ण और प्रेरित भूमिका निभाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एबीईओ द्वारा सभी बिंदुओं पर व्यापक निर्देश और मार्गदर्शन प्रदान किया गया और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया कि प्रत्येक विद्यालय में विद्यार्थियों की गुणवत्ता उन्नयन और शैक्षणिक उपलब्धियों में ठोस परिणाम दिखाई दें।

## सरकारी अस्पतालों में मनाया गया विश्व दृष्टि दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. आई नागेश्वर राव के निर्देशन में जिला नोडल अधिकारी अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम डा. अनिल कुमार गोरियार के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन नीलू घृतलहरे, के सहयोग से जिले में लव युवर्स आइस की थीम पर महासमुंद जिले के समस्त शासकीय अस्पतालों में विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा जन सामान्य को दृष्टिहीनता की पहचान, लक्षण एवं संकेत, बचाव एवं उपचार देखभाल आदि की जानकरी दी गई है। डा. अनिल कुमार गोरियार नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा आँखों की सुरक्षा एवं दृष्टि बनाये रखने के लिए 20.20.20. का पालन करने कहा गया है। जिसका अर्थ होता है जैसे कि किसी व्यक्ति द्वारा मोबाईल/कंप्यूटर पर कार्य करने या देखते समय 20 मिनट के बाद 20 फिट दुर की वस्तु को 20 सेकेंड के लिए देखना है, जिससे आपकी दृष्टि अच्छी बनी रहे। विश्व दृष्टि दिवस पर जिला चिकित्सालय महासमुन्द में 16 मोतियाबिंद मरीजों आपरेशन किया गया है। इस अवसर पर नेत्र ओटी के वार्ड में मोतियाबिंद मरीजों से मिलने पहुंचे डा. घनश्याम साहू सहायक अस्पताल अधीक्षक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय द्वारा कहा गया कि हमारी आंखें अनमोल है, जिसके बिना हम एक कदम भी अपना आगे नहीं बढ़ा सकते। हमें दिन अपनी आंखों कम से कम 4 से 6 बार स्वच्छ पानी में धोना चाहिए। साथ ही अवधेश कुमार यादव सहायक नोडल अधिकारी अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम एवं अन्य चिकित्सक/स्टाफ नर्स/ओटी स्टाफ साथ उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए छात्राओं को किया गया पुरस्कृत



**महासमुंद।** राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन समारोह मिनी स्टेडियम में हुआ। इस अवसर पर शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने शाला के सांस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी के निर्देशन में सुआ नृत्य प्रस्तुत किया। मधुर गीत एवं आकर्षक नृत्य से सजी हुई इस प्रस्तुति को मंचस्थ अतिथियों तथा उपस्थित लोगों द्वारा अत्यधिक सराहा गया। आयोजन समिति द्वारा प्रतिभागी छात्राओं तथा प्रभारी शिक्षक को प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। छात्राओं की उपलब्धि पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान, नीलम दीवान, अर्चना शुक्ला, हरवंश सिंह ढिल्लो, निश्चय चंद्राकर, महेश मक्कड़, सुनीता देवांगन, रितेश गोलछा, अनुज पांडेय, आनंद गिरी, सीता डोंडेकर, प्राचार्य जीआर सिन्हा, विमल मन्नाडे आदि ने हर्ष जताया।

## बावनकेरा स्कूल में मनाया गया विश्व दृष्टि दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर के निर्देशानुसार एवं जिला नोडल अधिकारी अंधत्व डॉ. अनिल गोरियार एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विकास चंद्राकर के मार्गदर्शन में 09 अक्टूबर गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बावनकेरा में विश्व दृष्टि दिवस कार्यक्रम मनाया गया। यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष अक्टूबर माह के द्वितीय गुरुवार को मनाया जाता है।

कार्यक्रम को मनाने का मुख्य उद्देश्य आंखों को हमेशा स्वस्थ रखने के उपाय व उसकी सुरक्षा के




प्रति लोगों में जागरूकता लाना है। समय समय में अपनी दृष्टि की जांच करवाये, छोटे बच्चों को मोबाइल का उपयोग कम करने, कंप्यूटर टीवी स्क्रीन पर समय कम करने से आंखों को कमजोर होने से बचाया जा सकता है, अधिक रोशनी से आंखों को सुरक्षित रखने चश्मा पहनने एवं रतौंधी नामक बीमारी से बचने विटामिन ए का पर्याप्त सेवन करने की सलाह देते हुए, आँखो से संबंधित अन्य बीमारिया जैसे मोतियाबिंद, कालामोतियाबिंद, दृष्टिदोष, डाइबेटिक रेटिनोपैथी, बच्चों में होने वाली जन्मजात विकृति, चोट से कॉर्निया में होने वाला अंधेपन का कारण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को नेत्रदान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए लोगों को मरणोपरांत नेत्रदान करने के लिए प्रेरित करने कहा। इस कार्यक्रम के तहत बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पेन एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नेत्र सहायक अधिकारी संजय चंद्राकर, सोमनाथ साहू, भुनेश्वरी साहू, रामेश्वर सिन्हा, आशीष देवांगन, भानु प्रताप ध्रुव, पुष्पालता नाग, रविकांत गायकवाड़ एवं विद्यालय के प्राचार्य बीएस ध्रुव, व्याखातागण दिनेश देवांगन, सूरज चंद्राकर, विजय धृतलहरे, पुष्पा पांडप, लता चौहान अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

## स्काउट-गाइड को प्रोत्साहित करने पहुंचे कलेक्टर लंगेह, प्रश्नों के उत्तर व करियर मार्गदर्शन दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संभाग स्तरीय स्काउट गाइड राज्य पुरस्कार जांच शिविर डा. भीमराव अंबेडकर मांगलिक सभागार संजय कानन के पास बागबाहरा रोड महासमुंद में 07 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक पांच दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर तृतीय दिवस संध्या 6.30 बजे जिलाधीश विनय कुमार लंगेह, येतराम साहू अध्यक्ष जिला स्काउट्स एवं गाइड्स संघ, राहुल चंद्राकर राज्य मुख्यालय आयुक्त स्काउट्स, जय पवार जिला उपाध्यक्ष, आंनद साहू जिलाउपाध्यक्ष, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी, रेखराज शर्मा डीएमसी, नंदकिशोर सिन्हा सहायक संचालक शिक्षा, पंकज चंद्राकर जिलाध्यक्ष एथलेटिक्स संघ सभी का स्काउटिंग





परंपरा स्कार्फ से स्वागत पश्चात शिविर प्रतिवेदन सन्तोष साहू शिविर संचालक द्वारा शिविर गतिविधियों से अवगत कराया गया।

जिलाध्यक्ष येतराम साहू द्वारा जिला संघ की ओर से कलेक्टर का स्वागत करते हुए कहा कि आपने हमारे स्काउट गाइड के बच्चों के बीच आने का निमंत्रण स्वीकार किया स्वागत। निःसन्देह आपसे हमारे स्काउट गाइड आपके मार्गदर्शन व प्रोत्साहन से प्रेरित होकर अधिकारी व अच्छे नागरिक बनेंगे। कलेक्टर लंगेह ने स्काउट गाइड से कहा कि कल रात्रि 10 :30 बजे जब मैं बागबाहरा से वापस लौट रहा था तो देखा कि बच्चे बिल्कुल कतारबद्ध होकर सड़क पर चल रहे, शायद कैंप स्थल से अपने आवास में जा रहे होंगे। यह देख कर लगा कि जरूर ये बच्चे स्काउट गाइड के ही होंगे। मुझे बहुत अच्छा लगा। इन बच्चों से जरूर मिलना चाहिए और आप सभी से मिलने आ गया। बच्चों से जिज्ञासा प्रश्न स्वयं आमंत्रित किए, जिससे बच्चे आईएइस बनने की मार्गदर्शन चाहा, जिसे बहुत सहज तरीके से बच्चों का मार्गदर्शन दिए। एक बच्चा पूछा आईएएस पद कितना जिम्मेदारी होती है, आप कैसे मैनेज करते हैं। इसमें उन्होंने कहा जितना बड़ा पद उतना ही जिम्मेदारी बड़ जाती है। चाहे शासकीय सेवक हो या राजनीतिक व्यक्ति हो। उन्हें समय मेंटेन करना होता है। वैसे मैं भी आईएएस एक शासकीय सेवक ही हूं। कलेक्टर ने कहा कि आप सभी एक बहुत अच्छे संस्था से जुड़े हो, अनुशासित रह कर कड़े मेहनत करते रहे जरूर सफल होंगे। इस पल को यादगार बनाने के लिए बच्चों के साथ फोटो भी खिंचाए।

शिविर में टीकेएस परिहार राज्य पर्यवेक्षक, पूनम सिंह साहू मुख्य परीक्षक, संतोष कुमार साहू शिविर संचालक, प्रमोद कुमार कन्नौजे जिला सचिव, रामकुमार साहू मुख्यालय आयुक्त, तुलेंद्र सागर जिला मीडिया प्रभारी, लीनू चंद्राकर डीओसी गाइड, लीलिमा साहू शिविर संचालक गाइड, लता वैष्णव सहायक एवं दौलत कुमार देवांगन धमतरी, नीरज शर्मा व बसन्त कोसले बलौदाबाजार, लुकेश्वर प्रधान गरियाबंद मौजूद रहे। उक्त जानकारी प्रमोद कन्नौजे जिला सचिव एवं तुलेंद्र सागर मीडिया प्रभारी ने दी है।

### शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने हुआ सामाजिक अंकेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव संकुल केंद्र पटेवा में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण किया गया। जिसमें बच्चों के शैक्षणिक स्तर, शैक्षणिक गतिविधियों, भौतिक संसाधनों, शाला का वातावरण आदि क्षेत्रों में मूल्यांकन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन, विद्यार्थियों की सिखने की दक्षता का मूल्यांकन और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना था। सामाजिक अंकेक्षण के दौरान समुदाय ने विद्यालय की प्रगति पर चर्चा की और सुधार के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय में नेवता भोज का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को खीर पूड़ी, आचार,पापड़, चावल दाल, सब्जी परोसा गया। कार्यक्रम में सामाजिक अंकेक्षण प्रभारी शिक्षक चेतन कुमार गायकवाड़, ग्राम सरपंच पार्वती पटेल, शाला विकास समिति अध्यक्ष पूरन लाल निषाद, उपाध्यक्ष महेश सिन्हा, अशोक पटेल, पंच गंगा राम दीवान, अमृत बाई, पालक सुंदर लाल सिन्हा, योगेश कुमार सिन्हा, जितेंद्र बंछोर, परदेसी सिन्हा, चोवा राम सिन्हा, खेमलाल सिन्हा, दयालु, शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर, अमर साहू, बिहेंद्र साहू, किरण दीवान, रसोईया दयाबाई, हीरा बाई, कुमारी बाई उपस्थित रहे।



# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


प्रतिक्षा कक्ष




## 15 वर्षों से आपकी सेवा में






प्रतिक्षा कक्ष


पूजा स्थान


परामर्श कक्ष



## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567**

## खबर संक्षेप



### बागबाहराकला स्कूल में हुआ सामाजिक अंकेक्षण

**बागबाहरा।** लालपुर संकुल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बागबाहरा कला में मुख्यमंत्री गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत, सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय में बच्चों के शिक्षा गुणवत्ता का आकलन कर आवश्यक सुधार करना, जन समुदाय को विद्यालय से जोड़ना, बच्चों की उपस्थिति, शैक्षणिक संसाधनों का उपयोग, आदि विषयों पर चर्चा की गई। नोडल अधिकारी के रूप में हेमंत कुमार साहू प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला सोनापुटी थे। शासन द्वारा निर्धारित 20 बिंदुओं पर शाला का मुल्यांकन किया गया। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला बागबाहरा कला के प्रधान पाठिका संगीता साहू, सहायक शिक्षिका प्रभा चौहान, ग्राम पंचायत के सरपंच गोवर्धन पटेल, रामधन पटेल, मनोज कुमार सोनवानी, फिरंता निषाद, कृष्णा पटेल, खेमीन, भावना पटेल, गायत्री वर्मा, देवकी, मंटोला व अन्य पालकगण उपस्थिति थे।



### नगर आगमन पर उमराह यात्रियों का हुआ स्वागत

**महासमुंद।** शहर के वरिष्ठ नागरिक हाजी वली मोहम्मद राजवानी अपनी पत्नी, पोते मोहम्मद नवाज़ राजवानी, बेटी नवासा और नवासी के साथ उमराह की पवित्र यात्रा पूर्ण कर सकुशल वापसी पर पर नगरवासियों और समाजजनों के साथ गुरुवार की शाम दरगाह हज़रत सैय्यद बाबा रहमतुल्लाह अलैह के मजार शरीफ पहुंचे। सभी ने हाजी वली मोहम्मद राजवानी और उनके परिवार का स्वागत किया। दरगाह परिसर में इस अवसर पर फातिहा खानी की गई और देश व समाज की अमन, खुशहाली, एकता और सलामती की दुआ मांगी गई।

### महासमुंद विखं के प्राचार्यों की हुई बैठक

**महासमुंद।** एसडीएम अक्षा गुप्ता की अध्यक्षता में विकासखंड महासमुंद के समस्त प्राचार्यों की बैठक हुई। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम, हीना धालेन एवं बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा उपस्थित रहे। बैठक में विद्यार्थियों के जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र निर्माण की समीक्षा की गई तथा प्रमाण पत्र शीघ्रता से बनवाने के निर्देश दिए गए। साथ ही मिशन लाइफ के "एक पेड़ मां के नाम" अभियान, मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के सामाजिक अंकेक्षण, स्वच्छ एवं हरित विद्यालय पुरस्कार, बिल्डकॉन लोकल फॉर ओकल, यू-डाइस प्रविष्टि अद्यतन, समग्र शिक्षा की उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा परीक्षा परिणाम सुधार जैसे विषयों पर चर्चा की गई। वरिष्ठ प्राचार्य समीर प्रधान ने परीक्षा परिणाम उन्नयन के लिए सुझाव प्रस्तुत किए।

# आरएसएस का नगर में विजयादशमी उत्सव पर हुआ पथ संचलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) महासमुंद नगर के शहीद भगत सिंह बस्ती में विजयादशमी उत्सव का कार्यक्रम अभूतपूर्व उत्साह और अनुशासन के साथ हुआ। सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में दोपहर 2:30 बजे एकत्र हुए। संघ स्थान पर संपत और ध्वज प्रणाम के बाद स्वयंसेवकों ने घोष वाद्य यंत्रों के साथ आकर्षक पथ संचलन निकला। शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए सायं 4 बजे अपने अंतिम पड़ाव लोहिया चौक पर वापस पहुंचा। स्वयंसेवकों का पथ संचलन केवल एक अनुशासित प्रदर्शन नहीं रहा, बल्कि यह नगरवासियों के लिए स्वागत और सम्मान का एक अवसर बन गया।







शहीद भगत सिंह बस्ती से घोष वाद्य यंत्रों की लय पर जब स्वयंसेवकों का पथ संचलन प्रारंभ हुआ, तो पूरे मार्ग पर उत्सव जैसा माहौल बन गया। शहर की महिलाओं, व्यापारियों और शहरवासियों ने इस अनुशासित संचलन का अभूतपूर्व स्वागत किया। मार्ग के दोनों ओर खड़े नगरवासियों ने विशेषकर महिलाओं ने स्वयंसेवकों पर भरपूर पुष्प वर्षा की, जो संघ के प्रति समाज के सम्मान और स्नेह को दर्शाता है। पथ संचलन जिन-जिन चौक-चौराहों से गुजरा, वहाँ स्थानीय लोगों द्वारा जबरदस्त आतिशबाजी की गई और पटाखे फोड़े गए। यह उत्साह और उमंग का प्रदर्शन था, जिसने पूरे कार्यक्रम को एक ऐतिहासिक और अविस्मरणीय स्वरूप प्रदान किया। स्वयंसेवकों का यह प्रदर्शन अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक था। जिसके बाद आयोजित बौद्धिक सभा में संघ की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

लोहिया चौक पर आयोजित बौद्धिक सभा में मंच पर प्रमुख वक्ता ठाकुर राम (राजिम विभाग प्रचारक), कार्यक्रम अध्यक्ष हरका बहादुर कालीकोटी (संचालक आदित्य हॉस्पिटल एवं अध्यक्ष आईएमए महासमुंद), भूपेंद्र राठौर (नगर संघचालक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता), राजेश डड़सेना (नगर कार्यवाह), गुलाब ठाकुर (महाविद्यालय प्रमुख), नेहरू पटेल (बस्ती प्रमुख), अखिलेश राव (बस्ती सह-प्रमुख) और सरदार सुमित सिंह ढिल्लों (उत्सव प्रभारी) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर मां दुर्गा और भगवान रामचंद्र के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। कार्यक्रम अध्यक्ष हरका बहादुर कालीकोटी ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को बधाई दी। उन्होंने संघ की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ एक ऐसी तपस्या है जो व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित है। उन्होंने नियमित शाखाओं के महत्व को बताते हुए कहा कि यह संगठन निस्वार्थ भाव से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा, सुरक्षा और संस्कार पहुंचाने का कार्य कर रहा है। मुख्य वक्ता ठाकुर राम ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में संघ की भावी दिशा को रेखांकित करते हुए संघ के 'पंच परिवर्तन' की बात रखी। उन्होंने बताया कि संघ समाज को संगठित, संस्कारित और राष्ट्र भाव से युक्त बनाने के लिए हमे पंच परिवर्तन जो कि साप्ताहिक मिलन, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और ग्राम विकास के पांच आयामों पर विशेष बल देना है। उन्होंने संघ की विशेषताओं पर विस्तार से बताते हुए कहा कि संघ का मूल कार्य संस्कार और चरित्र निर्माण करना है, जिससे एक आदर्श नागरिक तैयार होता है। संघ जाति, पंथ या वर्ग भेद को माने बिना पूरे समाज को संगठित करने के लिए प्रतिबद्ध है। बिना किसी प्रचार या प्रतिफल की इच्छा के, संघ के स्वयंसेवक आपदा और सामान्य दिनों में सेवा कार्य करते हैं। संघ देश को सर्वोपरि मानकर व्यक्ति में अखंड राष्ट्रभक्ति की भावना जाग्रत करता है। यह कार्यक्रम महासमुंद नगर में सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना को मजबूती देने में सफल रहा। संघ प्रार्थना के साथ ही कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

## दिखाई जागरुकता : खुलेआम नशापान से गांव का वातावरण हो रहा खराब

# शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ गड़बेड़ा के ग्रामीणों ने उठाई आवाज, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

- थाना, आबकारी और एसडीएम कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन, बोले :सख्त कार्रवाई हो

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गड़बेड़ा में अवैध शराब की बिक्री और उससे बिगड़ते माहौल को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने थाना और आबकारी विभाग को ज्ञापन सौपकर गांव में शराब बिक्री पर कार्रवाई की मांग की है।



गाँव के सरपंच बूंदाबाई नायक ने बताया कि गांव में महुआ, देशी और अंग्रेजी शराब के साथ गांजा व नशीली दवाओं की बिक्री खुलेआम हो रही है, जिससे गांव का वातावरण प्रभावित हो रहा है। इन गतिविधियों से विवाद और झगड़ों की स्थिति बन रही है तथा महिलाओं और स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अवैध शराब बिक्री के कारण सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे गांव की शांति और सुरक्षा पर असर पड़ा है। सरपंच सहित ग्रामीणों ने एसडीएम सहित पुलिस और आबकारी विभाग से इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान देने और अवैध कारोबार पर रोक लगाने तथा कार्रवाई करने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान सरपंच बूंदाबाई नायक, उपसरपंच मोहित यादव, सरपंच प्रतिनिधि लोकनाथ नायक, पंच विमला धृतलहरे, लालाराम नाग, रुखसार बेगम, लकेश साहू, भारत माता वाहिनी समिति की अध्यक्ष इंदु साहू, होमेश्वरी साहू, संतोष निषाद, अंजनी निर्मलकर, राम कुमार रात्रि, राम आश्रय दुबे सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।

# गौ सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष बने निलेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

- झलप क्षेत्र के जाने माने गौ सेवक राजा अग्रवाल और दुर्गेश यादव को सदस्य नियुक्त





छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग ने महासमुंद विकासखंड के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें जिला अध्यक्ष निलेश पटेल को नियुक्त किया गया। झलप क्षेत्र के जानेमाने गौ सेवक राजा अग्रवाल और दुर्गेश यादव को सदस्य नियुक्त किया गया है, इससे क्षेत्र की गौ रक्षकों की बीच हर्ष व्याप्त है। इन्होंने विगत कई वर्षों से निरंतर स्थानीय गौ सेवकों को जागरूक करने और गौ माता के लिए कई उल्लेखनीय कार्य किए हुए हैं। राजा अग्रवाल, दुर्गेश यादव ने गौ सेवा आयोग के प्रदेश अध्यक्ष विशेषर पटेल एवं गौ सेवक राजा पांडे बेमेतरा, तनय लूनिया और कमलेश डडसेना का आभार व्यक्त किया। राजा अग्रवाल ने कहा कि जिस उद्देश्य हेतु उनकी नियुक्ति की गई है, इस पर पूरा खरा उतरने की प्रयत्न करेंगे। ललिता अग्रवाल, शम्मी सलूजा, हनी गंभीर, सागर साहू, कमल कौशिक, निर्भय नायक, डोमेन यादव, दुर्गेश पटेल, प्रवीण साहू, प्रीतम गजेंद्र, ऋषि ध्रुवंशी, भोजराम ध्रुव, धरम सिन्हा, हेमंत कन्नौजे, दीपक साहू और रजनीश सिंह ने इनकी नियुक्त पर हर्ष जताया है।



### रग्बी प्रतियोगिता में मिला तीसरा स्थान

**महासमुंद।** राज्य स्तरीय 17 वर्ष रग्बी प्रतियोगिता 6 से 9 अक्टूबर तक महासमुंद में आयोजित हुआ। जिसमें बेलसोंडा की तीन छात्राएं प्रियंका साहू, निशा ध्रुव तथा जिया परवीन चयनित हुई थी। उन्होंने तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। बेलसोंडा स्कूल के प्राचार्य शोभा सिंह देव तथा व्यायाम शिक्षिका इंद्राणी भास्कर और समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।



### तन्मय को मिला मेडल

**महासमुंद।** शहर के वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अध्यनरत कक्षा आठवीं के छात्र तन्मय शर्मा ने धमतरी में आयोजित छत्तीसगढ़ जिला स्तरीय कराते चैंपियनशिप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला परिवार को गौरवान्वित किया है। सफलता पर शाला के प्राचार्य रेव्ह. फादर देवानंद बाघ, खेल प्रभारी छन्नूलाल साहू सहित समस्त शिक्षक- शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### 8 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 2 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए के मान से कुल 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम बैतारी के मृतक सुभाष त्रिपाठी के पुत्र विमल त्रिपाठी एवं सांप के काटने से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम चौकबेड़ा की मृतका जयंती टंडन के पिता बालाराम टंडन के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# महारानी दुर्गावती नारी शक्ति का है प्रतीकः देवकी

**भंवरपुर।** गोंडवाना के आन बान और शान गोंडवाना साम्राज्य की कुशल साम्राज्ञी वीरांगना महारानी दुर्गावती ने अपनी प्रजा हित और राष्ट्रधर्म का पालन करते हुए विदेशी आक्रमणकारी मुगल बादशाह अकबर के सेनाओं को कई बार धुल चटाने वाली अदम्य साहस और शौर्य की प्रतिमूर्ति के जयंती के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज भंवरपुर, बसना, सराईपाली के समाज प्रमुखों एवं जनजाति कर्मचारी अधिकारी संघ की अगुवाई में भंवरपुर में स्थापित रानी दुर्गावती के स्मारक पर पूजा अर्चना के साथ बूढ़ादेव एवं छत्तीसगढ़ महतारी की आरती की गई। इस अवसर पर आदिवासी सांस्कृतिक भवन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें समाज प्रमुख वक्ताओं ने अपने विचार रखें। अपने आतिथ्य उद्बोधन में जिला पंचायत सभापति देवकी पुरुषोत्तम दीवान छत्तीसगढ़िया ने कहा कि वीरांगना महारानी दुर्गावती नारी शक्ति का प्रतीक है। उनका बलिदान आदिवासी समाज के गौरव को दर्शाता है। आज नारी अबला नही सबला बनकर हर क्षेत्र में अपना जौहर दिखा रही है।



कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष गणेश सिदार, कर्मचारी संघ अध्यक्ष अमृत जगत, सचिव घनश्याम सिदार, ललित दीवान, मुनू सिंह जगत, करतार सिंह जगत, महेश सिदार, प्रकाश सिदार, जय कुमार सिदार, पंकज कश्यप, नीलमणि सिदार, भूपेंद्र जगत, अमृत जगत, प्रकाश पारेश्वर, जीवन सिदार, बसंत कश्यप, शिवलाल सिदार, संपत सिदार एवं काफी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# खेल भावना का प्रदर्शन कर प्रतिभा निखार सकते हैं खिलाड़ी : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विकासखंड के ग्राम पंचायत नवागांव (पटेवा) के खैरवारपारा में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा के मुख्य अतिथि नगर पालिका महासमुंद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू थे। इस दौरान दर्जनों कबड्डी टीम स्पर्धा में शामिल हुए तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि निखिलकांत ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि नवागांव के युवाओं में गजब की एकता देखने को मिल रही है। सभी खिलाड़ी उत्साह व खेल भावना से खेलते हुए प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी प्रतिभा में निखार ला सकता है। हार-जीत का परिणाम दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण होता है। उन्होनें आयोजन समिति के समस्त सदस्यों, पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कि आप सभी ने इस महत्वपूर्ण क्षण में भागीदारी का अवसर प्रदान किया। मंचीय कार्यक्रम के बाद नपाध्यक्ष साहू ने गांव की माताओं बहनों व छोटे छोटे बच्चों के साथ नीचे बैठकर मैच का आनंद लिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम प्रमुख मुनुदाऊ पटेल, मोहन निर्मलकर, पंडित भास्कर, रामचरण खैरवार, गंगा राम सिन्हा, गोवर्धन ध्रुव, सेवक सिन्हा, पवन सिन्हा, योगेश सिन्हा, मनीराम यादव, पुरुषोत्तम चंद्राकर, नारायण ध्रुव, मुंशीराम, बुधराम, धनंजय, ब्रह्म, धनसिंह खैरवार सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष कन्हैया खैरवार, सचिव बाबूलाल खैरवार, सहसचिव संत कुमार खैरवार, कवि प्रसाद खैरवार, कोषाध्यक्ष शत्रुघन प्रसाद खैरवार, कैलाश खैरवार तथा समस्त सदस्यगण, ग्रामीणजन, महिलाएं, बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# विश्व में भारत महान, क्योंकि यहां सभी का सम्मान : नंदकुमार

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक द्वारा पटेवा में विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत में राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न जैसे सर्वगुण संपन्न संतानों तथा सूरदास, नानकदेव, मीराबाई, रैदास जैसे कवियों एवं भगतसिंह, सुभाषचंद्र बोस और घासीदास जैसे जननायकों ने जन्म लिया, यहां विदेशों से लोग संस्कृति सीखने आते हैं, भारत की सभ्यता और संस्कारों को अपने जीवन में अपनाते हैं इसलिए विश्व में भारत की पहचान एक महान देश के रूप में है। प्रख्यात रामायण कथावाचक नंदकुमार साहू ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासमुंद खंड अंतर्गत ग्राम पटेवा मंडल में आयोजित विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन के अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला महासमुंद के जिला कार्यवाह चंद्रशेखर नाग ने कहा कि वर्ष 1925 में प्रारंभ हुई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्ष की यात्रा भी रामजी की भाँति संघर्ष और संकल्पशीलता से युक्त रही है, आज संघ सबसे अनूठा, व्यापक और राष्ट्रव्यापी संगठन बन गया है तथा विविध क्षेत्रों में काम करने लगा है। भारतीय किसान संघ, मजदूर संघ, अधिवक्ता परिषद, आरोग्य भारती, शिक्षक संघ, वनवासी कल्याण आश्रम, सक्षम, शिक्षा संस्कृति न्यास, विद्या भारती, संस्कृत भारती, सिक्ख संगत जैसे विविध संगठनों के रूप में जन मानस के हित संवर्धन के कार्य संघ के माध्यम से किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा इस वर्ष विजयादशमी पर अपने शताब्दी का पर्व मना रहा है यह उत्सव नहीं बल्कि एक संकल्प के रूप में आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत भारत को वैभवशाली राष्ट्र बनाने के लिए कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण सुरक्षा, स्व का बोध तथा नागरिक कर्तव्य के रूप में पांच लक्ष्य निर्धारित किये गए है, जिन्हें पंच परिवर्तन का नाम दिया गया है। वर्तमान में परिवारों में बिखराव के कारण जीवन मूल्यों में गिरावट आई है, जिससे लोग अपनों से दूर होते जा रहे हैं उन्हें जोड़ने के लिए संघ ने कुटुम्ब प्रबोधन का लक्ष्य रखा है। जिसके अंतर्गत सप्ताह में कम से कम एक दिन अपने परिवार के साथ बैठकर पारिवारिक व धार्मिक कार्यों को करते हुए साथ में भोजन की परंपरा शुरू करने की योजना है, ऊंच-नीच का भेदभाव मिटाने के लिए सामाजिक समरसता की रूपरेखा तैयार की गई है, पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पेड़ लगाने, जल बचाने के लिए कार्य करना तथा स्व का बोध के अंतर्गत स्वदेशी को प्राथमिकता, स्वयं की भाषा, स्वयं की भूषा आदि का उपयोग करने का लक्ष्य है, नागरिकों को संविधान में वर्णित नियमों तथा कर्तव्यों का पालन करना तथा लोगों को प्रेरित करने के लिए पांचवां लक्ष्य तय किया गया है। ग्राम पटेवा की गलियों में नागरिकों, महिलाओं एवं बच्चों ने फूलों से स्वयंसेवकों के पथ संचलन का स्वागत किया। कार्यक्रम में 96 स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित होकर संचलन में हिस्सा लिए।



